(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SATPAL MAHARAJ): (a) and (b) Yes, Sir. The poor response is mainly due to unforseen risks such as price escalation, changes in statutory taxes/levies etc. and non-availability of adequate benefits under the extent Tax laws.

(c) and (d) Yes, Sir. A proposal has been initiated to make the extant fiscal benefits more attractive to the investments in the projects under BOLT scheme.

रेल लाइनों को परिवर्तित करने के ठेकों में अनियमितताएं

829. **श्री राम जेठमलानी:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गत कुछ वर्षों में रेल लाइनों को परिवर्तित करने के काम का ठेका देने में भारी अनियमितताएं बरती गई हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या इन मामलों की जांच के लिए सी०बी०आई० को दायित्व दिया गया है;

(ग) यदि हां, तो अभी तक कुल कितने मामले जांच के लिए सी०बी०आई० को दिए गए हैं;

(घ) क्या यह भी सच है कि सी०बी०आई० द्वारा अनेक मामलों में अनेक अधिकारियों के विरुद्ध चार्जशीट दायर करने के लिए इस मंत्रालय से अनुमति मांगी गई है; और

(ङ) यदि हां, तो ऐसे कुल कितने मामले है और सरकार द्वारा कितने मामलों में अनुमति दी गई है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) भिन्न-भिन्न रेलों पर आमान परिवर्तन कार्यों के विभिन्न संविदाओं में अनियमितता के कुछेक मामले ध्यान में आए हैं जिनकी रेलवे सतर्कता और केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा तत्काल जांच की गई/की जा रही है।

(ख) और (ग): केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने छह मामलों की जांच आरंभ कर दी है।

(घ) और (ङ) केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने तीन मामलों में अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए रेल मंत्रालय की सहमति मांगी है। इन तीन मामलों में से दो मामलों में सहमति पहले ही दी जा चुकी है। अन्य मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सूचित किया गया है कि केन्द्रीय सतर्कता आयोग के परामर्श से रेलवे ने उन्ही चूकों के लिए पहले ही कार्रवाई शुरू कर दी है।

Pantry Car facility on Cochin-Bilaspur Express

830. SHRI O. RAJAGOPAL: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether any assurance had been given by him for providing pantry car service on Cochin-Bilaspur Express (7057/7058) in 1990;

(b) if so, the reasons for not fulfilling the same; and

(c) whether Government are considering any proposal for providing the pantry car service on the said train?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SATPAL MAHARAJ): (a) and (b) A decision was taken in the past to attach pantry car with 7057/7058 Cochin-Bilaspur Express but the same could not be provided due to shortage of pantry cars.

(c) Yes, Sir.

पश्चिमी रेलवे के मुख्यालय का मुम्बई से अहमदाबाद स्थानांतरण

831. **श्री चिमनभाई हरीभाई शुक्ला:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को गुजरात सरकार की ओर से पश्चिमी रेलवे के मुख्यालय को मुम्बई से अहमदाबाद स्थानांतरित करने के संबंध में कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है,

(ख) यदि हां, तो सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है और अब तक उस पर क्या कार्यवाही की गई है,

(ग) सरकार द्वारा उपर्युक्त मुख्यालय को मुम्बई से अहमदाबाद स्थानांतरित करने में किए जा रहे विलंब के क्या कारण हैं, और

(घ) इस मामले में सरकार द्वारा कब तक निर्णय ले लिया जाएगा?